<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक – 29.05.2026 (सुबह – 0830 बजे)</u>

<u>मुख्य समाचार</u>

1. केन्द्र सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत झारखंड समेत 12 राज्यों को दी बड़ी सौगात, केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने ग्रामीण आवास के लिए जारी किये 10 हजार करोड़।

2. रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने घुसपैठियों को झारखंड से बाहर निकलने की दी सख्त चेतावनी, कहा– देश में किसी भी घुसपैठिए को बख्शा नहीं जाएगा।

3. राज्यसभा चुनाव को लेकर रांची में सियासी हलचल तेज, सीट बंटवारे पर चर्चा के लिए कांग्रेस के बड़े नेता आज मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात करेंगे।

4. रांची, जमशेदपुर, धनबाद, बोकारो और हजारीबाग समेत 20 जिलों में एक जून तक आंधी–बारिश का ऑरेंज अलर्ट, 50 से 60 किलोमीटर की रफ्तार से चलेंगी तेज हवाएं।

और

5. भारतीय टेनिस बॉल क्रिकेट टीम में राज्य के तीन खिलाड़ियों का चयन, मार्शल आर्ट्स में झारखंड ने जीता ओवरऑल चैंपियनशिप का खिताब।

********************

केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण के तहत एक बड़ा कदम उठाया है। उन्होंने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए झारखंड समेत देश के 12 राज्यों को 10 हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि जारी की। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संकल्प है कि देश का कोई भी गरीब व्यक्ति कच्चे मकान में न रहे।

********************

रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने बांग्लादेशी घुसपैठ के मुद्दे पर बड़ा बयान दिया है। बोकारो पहुंचे केंद्रीय मंत्री ने कड़े लहजे में चेतावनी देते हुए कहा कि झारखंड के अंदर जितने भी घुसपैठिए छिपे हुए हैं, वे तुरंत बाहर निकल जाएं। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि गृह मंत्री अमित शाह का साफ संदेश है कि देश में किसी भी घुसपैठिए को रहने नहीं दिया जाएगा।

********************

नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी की जेल भेजने वाली धमकी पर कड़ा जवाब दिया है। जामताड़ा में पत्रकारों से बात के दौरान उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि वे जेल जाने से नहीं डरते। श्री मरांडी ने स्वास्थ्य विभाग पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए कहा कि मंत्री को सीएजी की रिपोर्ट देखनी चाहिए, जिसमें एंबुलेंस के दुरुपयोग और लापरवाही की बात साफ कही गई है।

********************

राज्य में राज्यसभा चुनाव को लेकर सियासी हलचल तेज हो गई है। प्रदेश कांग्रेस प्रभारी के. राजू और तेलंगाना के उप मुख्यमंत्री मल्लू भट्टी विक्रमार्क आज रांची पहुंच रहे हैं। दौरे के दौरान दोनों नेता मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलकर चुनाव की रणनीति पर चर्चा करेंगे। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने साफ किया है कि पार्टी गठबंधन से एक राज्यसभा सीट की मांग करेगी।

********************

झारखंड मुक्ति मोर्चा ने विशेष गहन पुनरीक्षण और जनगणना 2027 को लेकर अपनी ताकत झोंक दी है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर पार्टी अब पूरी तरह मिशन मोड में काम कर रही है। पार्टी के महासचिव विनोद पांडेय खुद राज्यभर में घूमकर नेताओं और बूथ लेवल एजेंटों को ट्रेनिंग दे रहे हैं। जेएमएम का लक्ष्य हर पंचायत और बूथ तक संगठन को मजबूत करना है।

*******************

पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने सरायकेला खरसावां जिले के आदित्यपुर नगर निगम के वार्ड 17 में नए प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र का उद्घाटन किया। इस मौके पर उनके साथ डॉ. मीरा मुंडा, मुकेश भगत और राजेश कुमार मुन्ना भी मौजूद रहे। श्री मुंडा ने कहा कि देश के गरीबों तक सस्ती और अच्छी दवाइयां पहुंचाना प्रधानमंत्री का सपना है। उन्होंने डॉक्टरों से अपील की कि वे मरीजों को ज्यादा से ज्यादा जेनेरिक दवाएं ही लिखें।

*******************

वन विभाग ने हजारीबाग के मोतरा अधिसूचित वन क्षेत्र में एक बड़ी कार्रवाई की है। विभाग की टीम ने जंगल से करीब 60 टन अवैध कोयला जब्त किया है। अधिकारियों को गुप्त सूचना मिली थी कि जंगल में अवैध रूप से कोयला जमा किया जा रहा है। इसके बाद टीम ने छापेमारी अभियान चलाकर जंगल के अलग–अलग हिस्सों से भारी मात्रा में कोयला बरामद किया।

*******************

लातेहार जिले में पुलिस ने नशीले पदार्थों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर पुलिस ने ब्राउन शुगर के साथ 6 तस्करों को रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन तस्करों के पास से नशीला पदार्थ और उनके मोबाइल फोन जब्त किए हैं। पकड़े गए अपराधी इलाके में युवाओं को अपना शिकार बनाते थे और काफी समय से नशीली दवाओं की तस्करी में शामिल थे। पुलिस अब इनसे पूछताछ कर इस पूरे नेटवर्क के मुख्य सरगना का पता लगाने में जुटी है।

*******************

राज्य में लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली है। मौसम विभाग के अनुसार, राज्य के ऊपर दो टर्फ लाइन सक्रिय हैं, जिससे अधिकतम तापमान में 2 से 3 डिग्री की कमी आई है। आने वाले दो से तीन दिनों में तापमान 3 से 4 डिग्री और गिर सकता है। मौसम विभाग ने एक जून तक राज्य के कई जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। रांची, जमशेदपुर, धनबाद, बोकारो और हजारीबाग समेत करीब 20 जिलों में 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने और गरज के साथ बारिश होने की संभावना है।

*******************

आगामी थाईलैंड दौरे के लिए घोषित भारतीय टेनिस बॉल क्रिकेट टीम में राज्य के तीन होनहार खिलाड़ियों का चयन किया गया है। इन खिलाड़ियों के नाम आदर्श राज, ऋषि राज और जैनुल हक हैं। भारतीय टीम इस दौरे पर पांच दिवसीय इंडो–थाई क्रिकेट सीरीज में हिस्सा लेगी। सभी खिलाड़ी कल कोलकाता के रास्ते थाईलैंड के लिए उड़ान भरेंगे।

*******************

मुंबई में आयोजित छठी नेशनल जीत कूने दो मार्शल आर्ट्स फेडरेशन कप में राज्य की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ओवरऑल चौंपियन का खिताब अपने नाम कर लिया है। इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देश के 14 राज्यों के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था, जिन्हें पछाड़कर झारखंड ने पहला स्थान हासिल किया। राज्य के मार्शल आर्ट्स खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में कुल 19 पदक जीते। इनमें 11 स्वर्ण, 4 रजत और 4 कांस्य पदक शामिल हैं।

*******************

**और अब अखबारों की सुर्खियां**

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने रांची के लापुंग से 10 लाख के इनामी उग्रवादी की गिरफ्तारी की खबर को पहले पन्ने पर प्रकाशित किया है।

**दैनिक भास्कर** की सुर्खी है– पेसा को लेकर 19 विभागों ने तीन माह बाद भी नहीं दी एसओपी, स्थानीय स्वशासन का सपना अधूरा।

**हिन्दुस्तान** लिखता है– वेतन विपत्र भुगतान की प्रक्रिया को बनाया गया सुरक्षित और पारदर्शी।

**प्रभात खबर** के शब्द हैं– बीआईटी मेसरा में झारखंड के विद्यार्थियों का खत्म हुआ 50 प्रतिशत कोटा, सरकार के साथ एमओयू दो साल से लंबित।

**दैनिक जागरण** ने लिखा है– नहीं रहे मोहब्बत के पैगाम बांटने वाले शायर बशीर बद्र।

********************